# मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार से विगत वर्षों में उतीर्ण हुए जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थी निजी एवं सरकारी क्षेत्रो में रोजगार अर्जन कर निरंतर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। हाल ही में एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ यूनियन टेरिटरी ऑफ लदाख के पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट (पी.डब्ल्यू डी.) का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें मेवाड़ विश्वविद्यालय के 9 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इसके अलावा मेवाड़ विश्वविद्यालय से उतीर्ण हुए जम्मू कश्मीर के विद्यार्थी कई सरकारी विभागो जैसे शिक्षा, वन, पुलिस, पी.डब्ल्यू. डी. आदि परीक्षाओं में सफल हुए एवं प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। साथ ही निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय कंपनियों जैसे माइक्रोसॉफ्ट, इनफोसिस, टी.सी.एस. आई.बी.एम. आदि में दिल्ली, मुम्बई,बैंगलोर, नोएडा, गुरुग्राम एवं देश के कई अन्य शहरों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मेवाड़ विश्वविद्यालय के चैयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया का मानना हैं कि जम्मू कश्मीर हमारे देश का एक खूबसूरत राज्य हैं परन्तु खूबसूरती को केवल वादियों से तय करना अनुचित हैं सही मायने में वहा के युवाओं को शिक्षित कर रोजगार काबिल बनाकर देश की मुख्यधारा से जोड़ने में ज्यादा खूबसूरती हैं। प्रधानमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत विश्वविद्यालय की टीम चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर गयी एवं घर घर पहुंचकर वहा के अभिभावकों से रूबरू हुई एवं मेवाड़ विश्वविद्यालय के साथ साथ मेवाड़ क्षेत्र की संस्कृति से भी अवगत करवाया एवं उनके बच्चों को मेवाड़ विश्वविद्यालय में दाखिला दिलवाने का आव्हान किया।

Dainik Navajyoti 27-09-2020

# जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

चित्तौड़गढ़ ( प्रात:काल संवाददाता )। मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार से विगत वर्षों में उत्तीर्ण हुए जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थी निजी एवं सरकारी क्षेत्रो में रोजगार अर्जन कर निरंतर सफलता प्राप्त कर रहे है। हाल ही में एडमिनिस्ट्रेशन ऑफयूनियन टेरिटरी ऑफ लदाख के पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें मेवाड़ विश्वविद्यालय के 9 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इसके अलावा मेवाड़ विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण हुए जम्मू कश्मीर के विद्यार्थी कई सरकारी विभागो जैसे शिक्षा, वन, पुलिस, पी.डब्ल्यू. डी. आदि परीक्षाओं में सफल हुए एवं प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। साथ ही निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय कंपनियों जैसे माइक्रोसॉफ्ट, इनफोसिस, टी.सी.एस. आई.बी.एम. आदि में दिल्ली, मुम्बई, बैंगलोर, नोएडा, गुरुग्राम एवं देश के कई अन्य शहरों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

Prattahkal 27-09-2020

# जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में फहराया परचम

चित्तौड़गढ़. मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार से विगत वर्षों में उत्तीर्ण हुए जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थी निजी एवं सरकारी क्षेत्रों में रोज़गार अर्जन कर निरंतर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। हाल ही में एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ यूनियन टेरिटरी ऑफ लदाख के पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट पीडब्ल्यूडी का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। उसमे विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थियों का चयन हुआ। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थी कई सरकारी विभागों जैसे शिक्षा, वन, पुलिस, पीण्डब्ल्यूडी आदि परीक्षाओं में सफल हुए एवं प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। साथ ही निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कम्पनियों जैसे माइक्रोसॉफ्ट, इनफ़ोसिस, टीसीएस आईबीएम आदि में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया का मानना है कि जम्मू-कश्मीर के युवाओं को शिक्षित कर रोज़गार काबिल बनाकर देश की मुख्यधारा से जोड़ने में वहां की खूबसूरती से ज्यादा खूबसूरती हैं। प्रधानमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप के तहत विश्वविद्यालय की टीम चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर गई वहां के अभिभावकों से रूबरू हुई। उनके बच्चों को विश्वविद्यालय में दाखिला दिलवाने का आह्वान किया। फलस्वरूप बड़ी संख्या में जम्मू-कश्मीर के विद्यार्थी प्रधानमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत विश्वविद्यालय परिवार से जुड़े एवं शिक्षा के साथ-साथ विश्वविद्यालय के प्रयासों से देश के विभिन्न विख्यात प्रशिक्षण केन्द्रों में विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त किया। सघन प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप के फलस्वरूप स्वयं को रोज़गार के लिए तैयार किया। जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों के इन होनहार विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत एवं लगन से ना केवल अपने परिवार एवं प्रांत का गौरव बढ़ाया बल्कि देश के विभिन्न शहरों में अपने आपको स्थापित कर प्रधानमंत्री स्पेशल स्कॉलरशिप स्कीम के उद्देश्य को सही रूप में सार्थक कर विश्वविद्यालय का नाम भी गौरावित किया।

Rajasthan Patrika, 27-09-2020